दिनांकः 31.05.2024 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर से

- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भीषण गर्मी और हीटवेव के साथ ही पानी, बिजली और मौसमी बीमारियों की रोकथाम सहित अन्य बिन्दुओं को लेकर आज जयपुर में करेंगे समीक्षा बैठक।
- तापमान में कुछ कमी के बावजूद प्रदेशवासियों को नहीं मिली भीषण गर्मी और लू से राहत–अधिकांश स्थानों पर पारा 44 डिग्री के पार।
- भारतीय रिजर्व बैंक ने वर्तमान वित्त वर्ष में आर्थिक वृद्धि दर 7 प्रतिशत होने का लगाया अनुमान।
- विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर प्रदेशभर में आज से विशेष जागरुकता अभियान।

000

प्रदेश में भीषण गर्मी और हीटवेव के साथ पानी, बिजली और मौसमी बीमारियों की रोकथाम सहित अन्य बिन्दुओं को लेकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आज जयपुर में समीक्षा बैठक लेंगे। इसमें सभी जिलों के प्रभारी सचिवों के साथ जिलों के सभी वरिष्ठ अधिकारी शामिल होंगे। इससे पहले सभी विभागों के सचिवों को 30 मई तक प्रस्तुतिकरण देने को कहा गया था। उधर, प्रदेश के सभी जिलों में दो दिवसीय दौरे पर भेजे गए प्रभारी सचिवों को भी अपनी रिपोर्ट पेश करने को कहा गया था। इस दौरान ई–फाइलिंग, संपर्क पोर्टल, पेयजल की व्यवस्था और वृक्षारोपण कार्यों की प्रगति की समीक्षा भी की जाएगी। बैठक में सभी अतिरिक्त मुख्य सचिव, प्रमुख शासन सचिव, शासन सचिव और सभी जिला प्रभारी सचिव मौजूद रहेंगे। वहीं सभी संभागीय आयुक्त, जिला कलक्टर सहित सभी जिलों के बिजली, पी.एच.ई.डी., चिकित्सा, वन एवं पर्यावरण, ग्रामीण विकास और पंचायती राज विभाग के अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़ेंगे।

000

प्रदेशवासी भीषण गर्मी और लू से जूझ रहे हैं। पिछले 24 घंटों में तापमान में कुछ कमी आने के बावजूद भी लोगों को राहत नहीं मिल पाई है। मौसम विभाग के अनुसार 48 दशमलव 3 डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ श्रीगंगानगर प्रदेश का सबसे गर्म स्थान रहा। यहां तापमान सामान्य से 6 डिग्री ज्यादा दर्ज किया गया। राज्य के कुछ भागों में तापमान में 1 से 3 डिग्री की गिरावट भी हुई। चूरू में पारा गिरकर 47, फलौदी में 46 दशमलव 8 और बाड़मेर में 44 दशमलव 2 डिग्री रिकॉर्ड किया गया।
हाल ही में इन स्थानों पर पारा 50 डिग्री के पास पहुंच गया था और ये देश के सबसे गर्म स्थान दर्ज किये गये थे। राज्य के अन्य स्थानों पर दिन का तापमान 44 से 46 डिग्री के बीच रिकॉर्ड हुआ। लोगों को रात में भी गर्मी से राहत नहीं मिल पाई है। कल बीकानेर और चूरू में 33 दशमलव 2 डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ सबसे ज्यादा गर्म रातें दर्ज की गयीं। हालांकि कल कुछ स्थानों पर दोपहर बाद मौसम बदला। भरतपुर, टोंक और भीलवाडा में हवा के साथ बारिश हुई। इस बीच, मौसम विभाग ने संभावना व्यक्त की है एक–दो दिन में प्रदेशवासियों को तेज गर्मी से थोड़ी राहत मिलेगी। तापमान में कुछ और कमी आने और आंधी बारिश की गतिविधियों से तेज लू का असर कम होगा। विभाग ने नए पश्चिमी विक्षोभ के असर से जयपुर, भरतपुर और बीकानेर संभागों के कुछ भागों में आज से 2 जून तक बादल गरजने तथा तेज आंधी और बारिश की संभावना जतायी है।

000

जन स्वास्थ्य विभाग के निदेशक डॉ. रवि प्रकाश माथुर ने कहा है कि हीटवेव से होने वाली मौतों के आंकड़ों को लेकर आमजन भयभीत और भ्रमित ना हों। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अब तक हीटवेव से पांच मौत हुई हैं। इस संबंध में चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग द्वारा रोजाना प्रमाणिक जानकारी उपलब्ध करवाई जा रही है।

श्री माथुर ने कहा कि प्रदेश में हीटवेव से जनहानि नहीं हो, इसके लिए विभाग पूरी सतर्कता और सजगता के साथ काम कर रहा है। जिला स्तर से इसकी प्रभावी मॉनिटरिंग की जा रही है।

000

भारतीय रिजर्व बैंक ने वर्तमान वित्त वर्ष में आर्थिक वृद्धि दर 7 प्रतिशत होने का अनुमान लगाया है। वार्षिक रिपोर्ट में बैंक ने कहा है कि वर्ष 2024–25 के लिए वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर समान रूप से 7 प्रतिशत बढ़ने का अनुमान है। केंद्रीय बैंक ने कहा कि वित्त वर्ष 2024 में भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत गति से बढ़ी। इस दौरान वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि पिछले वर्ष के 7 प्रतिशत से बढ़कर 7 दशमलव 6 प्रतिशत हो गई।

000

अलवर के सरिस्का बाघ अभयारण्य में पांच नये शावक देखे जाने से वन्यजीव प्रेमियों में खुशी की लहर है। ये शावक कल कैमरे में ट्रेप हुए। इनमें से चार शावक बाघिन एसटी–22 के और एक शावक बाघिन एसटी–12 का है। वर्ष 2008 के बाद सरिस्का में पहली बार किसी बाघिन ने एक साथ चार शावकों को जन्म दिया है। सरिस्का में अब बाघों की कुल संख्या बढ़कर चालीस हो गयी है, जिनमें 11 बाघ, 14 बाघिन और 15 शावक हैं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बाघों का कुनबा बढ़ने पर प्रदेशवासियों को बधाई दी है। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री शर्मा ने कहा कि सरिस्का में नए मेहमानों का स्वागत है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार गति और शक्ति के प्रतीक 'बाघ' के संरक्षण और उनके लिए पारिस्थितिकी तंत्र को संतुलित रखने के वास्ते पूरी तरह संकल्पित है।

000

आज विश्व तम्बाकू निषेध दिवस है। तम्बाकू सेवन के दुष्प्रभावों के बारे में जागरुकता फैलाने के लिए ये दिन मनाया जाता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा निर्धारित इस वर्ष की थीम है, ''बच्चों और युवाओं को तम्बाकू सेवन से बचाना''। इस अवसर पर चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग की ओर से प्रदेशभर में आज से एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस तक चलने वाले इस अभियान के तहत तम्बाकू निषेध थीम पर रोजाना मैराथन, साइकिल रैली और प्रभात फेरी जैसे कार्यक्रम होंगे। जिला प्रशासन और अन्य सहयोगी विभागों के तालमेल के साथ इन गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। सवाईमाधोपुर में इस मौके पर विभिन्न जागरुकता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। मुख्य चिकित्सा और स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. धर्म सिंह मीणा ने बताया कि अभियान के दौरान रोजाना माई जी ओ वी पोर्टल पर तम्बाकू का सेवन नहीं करने की शपथ दिलाई जाएगी। भीलवाड़ा के राजमाता विजयाराजे सिंधिया मेडिकल कॉलेज की पैथोलोजी विभाग की डॉ. अरूणा पंचारिया ने युवाओं से तम्बाकू से दूर रहने की अपील की है।

000

विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के उपलक्ष में विभिन्न जिलों में कार्यक्रम आयोजित हो रही हैं। इसी कड़ी में कल शाम बीकानेर के पीबीएम अस्पताल में कैंसर मरीजों के परिजनों को तम्बाकू से होने वाले नुकसान की जानकारी दी गयी।

000

प्रदेश में जल्दी ही विद्या समीक्षा केन्द्र बनाये जाएंगे। स्कूल शिक्षा विभाग के शासन सचिव कृष्ण कुणाल ने बताया कि इससे डेटा आधारित गवर्नेंस को गति मिलेगी। श्री कुणाल कल जयपुर में माध्यमिक शिक्षा निदेशक, प्रारम्भिक शिक्षा निदेशक और अतिरिक्त राज्य परियोजना निदेशक के साथ आयोजित समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। शासन सचिव ने बैठक में नई शिक्षा नीति के अनुरुप रोड़मैप तैयार करने, नई भर्तियां, पदोन्नति, शिक्षा संघों की मांगों के अनुरूप तबादला नीति, परीक्षा परिणाम में और सुधार तथा विद्यार्थियों के साथ तकनीक के माध्यम से शिक्षण पर चर्चा कर आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए।

000

राज्य में खाद्य पदार्थों में मिलावट के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत अजमेर में कल करीब 18 हजार लीटर खाद्य तेल सीज किया गया। अलग–अलग प्रतिष्ठानों पर की गयी कार्रवाई में खाद्य तेल जब्त किया गया। खाद्य सुरक्षा और औषधि नियंत्रण अतिरिक्त आयुक्त पंकज ओझा के नेतृत्व में जयपुर की स्पेशल केंद्रीय टीम और अजमेर के खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने इस कार्रवाई को अंजाम दिया।

000